असाइनमेंट    विषय :- हिंदी    कक्षा :- चौथी    शिक्षिका :- श्रीमती इंदरजीत कौर / जितेंद्र कौर

नाम :- ________________    सेक्शन :- _________    रोल नंबर :- ________ दिनांक :- /01/2022

## अशुद्धि- शोधन ( शब्दों में)

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चहिए | - | चाहिए | त्यौहार | - | त्योहार |
| गुरू | - | गुरु | रितु | - | ऋतु |
| सप्ताहिक | - | साप्ताहिक | परिक्षा | - | परीक्षा |
| तिथी | - | तिथि | पृथम | - | प्रथम |
| विधालय | - | विद्यालय | ग्रहकार्य | - | गृहकार्य |
| ग्यान | - | ज्ञान | मूरख | - | मूर्ख |
| प्रसंशा | - | प्रशंसा | विषेश | - | विशेष |
| चिन्ह | - | चिह्न | | | |

## वाक्य संबंधी अशुद्धियाँ

1) हम तीन भाई हूँ।

उत्तर- हम तीन भाई हैं।

2) उसने खाना खा लिए।

उत्तर- उसने खाना खा लिया।

3) वे चला गया।

उत्तर- वह चला गया।

4) दस रुपया में क्या आएगा?

उत्तर- दस रुपये में क्या आएगा?

5) मेरे को नहीं पता।

उत्तर- मुझे नहीं पता।

6) वह सोमवार के दिन जाएगा।

उत्तर- वह सोमवार को जाएगा।

7) आप लोग क्या कर रहे हो?

उत्तर-आप लोग क्या कर रहे हैं?

8) मैंने तुमसे बात नहीं करना।

उत्तर- मुझे तुमसे बात नहीं करनी।

9) पेड़ पे चिड़िया बैठी है।

उत्तर- पेड़ पर चिड़िया बैठी है।

10) पापा को गर्म करके दूध दो ।

उत्तर- पापा को दूध गर्म करके दो।

## विराम –चिह्न

व्याकरण संबोध (पेज नंबर -89)

प्रश्न 1 नीचे कुछ विराम- चिह्नों के नाम दिए गए हैं। उनके चिह्न लिखो और उनका वाक्य में प्रयोग करो।

(क) पूर्णविराम ____________________

(ख) प्रश्नवाचक ____________________

(ग) अल्पविराम ____________________

(घ) योजक ____________________

प्रश्न 2 कोष्ठक में से सही शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरो।

(क) विस्मयादिबोधक चिह्न भाव प्रकट करने वाले शब्द के (पहले /बाद) बाद में लगता है।

(ख) योजक इन दो शब्दों को (जोड़ने /तोड़ने) जोड़ने के लिए लगता है।

(ग) पूर्णविराम व प्रश्नवाचक चिह्न वाक्य के (अंत में /पहले) अंत में लगते हैं।

(घ) अल्पविराम (थोड़ा रुकने/ वाक्य समाप्ति) थोड़ा रुकने का संकेत देता है।

प्रश्न 3 निम्नलिखित वाक्यों में उचित विराम- चिह्न लगाओ।

(क) आप किस कक्षा में पढ़ती है

उत्तर आप किस कक्षा में पढ़ती है?

(ख) मैं कक्षा में पढ़ती हूँ

उत्तर मैं कक्षा में पढ़ती हूँ ।

(ग) नीम तुलसी और एलोवेरा के पौधे बहुत उपयोगी होते हैं

उत्तर   नीम, तुलसी और एलोवेरा के पौधे बहुत उपयोगी होते हैं|

(घ)   **हँसते हँसते हम सब लोटपोट हो गए**

उत्तर   हँसते - हँसते हम सब लोटपोट हो गए|

(ड़)   **अरे तुम कब आए**

उत्तर   अरे! तुम कब आए?

प्रश्न 1  दिए गए वाक्यों में उचित विराम -चिह्न लगाओ।

(क)   **आकाश में ग्रह उपग्रह चाँद सूरज और तारे होते हैं**

उत्तर  आकाश में ग्रह, उपग्रह, चाँद, सूरज और तारे होते हैं।

(ख)   **अरे आप यहाँ कैसे आए**

उत्तर  अरे! आप यहाँ कैसे आए?

(ग)   **मम्मी चलो बाज़ार चलें**

उत्तर   मम्मी, चलो बाज़ार चलें।

(घ)   **बच्चे खेल रहे हैं**

उत्तर   बच्चे खेल रहे हैं ।

(ङ)   **मुझे मत रोको कहने दो**

उत्तर  मुझे मत रोको, कहने दो ।

(च)   **बस्ते में किताब कॉपी और पेंसिल रखो**

उत्तर बस्ते में किताब, कॉपी और पेंसिल रखो।

प्रश्न 2 निम्नलिखित विराम - चिह्नों के नाम लिखो।

| | |
|---|---|
| ? | प्रश्नवाचक |
| । | पूर्णविराम |
| ! | विस्मयादिबोधक |
| , | अल्पविराम |